## संक्षिप्त समाचार

### पंचकूला में ठेकेदार के साथ महिला लापता

**पंचकूला।** पंचकूला में एक मजदूर की पत्नी ठेकेदार के साथ लापता हो गई है। वह करीब 4 महीने से ठेकेदार के पास काम कर रही थी। महिला के पति की शिकायत पर एमडीसी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल ठेकेदार और महिला का कोई सुराग नहीं लगा है। पंचकूला के भैंसा टिब्बा क्षेत्र में किराए पर रहने वाले एक मजदूर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी पिछले चार माह से मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के महेवा गांव निवासी ठेकेदार तुलसी के साथ काम कर रही थी। 20 जनवरी से दोनों लापता हैं। व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी पत्नी और ठेकेदार को रिश्तेदारों, दोस्तों और होटलों में तलाश किया, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित परिवार मूल रूप से मध्यप्रदेश के पन्ना जिले का रहने वाला है। वह काम-धंधे की तलाश में पंचकूला आया था और यहां किराए पर रह रहा था। पड़ोसी गांव का ठेकेदार मिलने पर उसने अपनी पत्नी को उसके साथ काम पर लगा दिया था।

### दतिया में मोबाइल विवाद के बाद फायरिंग, परिवार को दी जान से मारने की धमकी

**दतिया।** दतिया के बड़ौनी थाना क्षेत्र के ग्राम घुघसी में शनिवार शाम मोबाइल फोन की खरीद-बिक्री को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी पर्वत सिंह के बेटे ने आरोपी सूरज रावत को मोबाइल फोन बेचा था। कुछ दिन बाद फोन की डिस्प्ले टूट गई, जिससे दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पहले इस बात को आपसी समझौते से शांत कर दिया गया था, लेकिन रंजिश खत्म नहीं हुई। शनिवार शाम आरोपी सूरज रावत अपने साथियों रिंकेश रावत, टुंडे रावत और लोकेन्द्र रावत के साथ पर्वत सिंह के घर पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने परिवार के साथ गाली-गलौज की और कट्टे से फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली घर के मुख्य गेट पर लगी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पर्वत सिंह ने कहा कि अगर गोली गेट से टकराकर नहीं रुकती तो परिवार को गंभीर नुकसान हो सकता था।

### ग्वालियर में युवती को शादी का झांसा देकर रेप

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सोशल मीडिया फ्रेंड ने शादी का वादा कर युवती को झांसे में लेकर रेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के नूरगंज गुरुद्वारा इलाके की है। इसके बाद दोस्त शादी का झांसा देकर पिछले चार साल से शोषण कर रहा था। अब जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे वीडियो वायरल की धमकी दी। शादी से इनकार कर दिया। धोखे का शिकार युवती थाने पहुंची और शिकायत की है। ग्वालियर थाना क्षेत्र के नूरगंज गुरुद्वारे के पास रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने शिकायत की है कि पांच साल पहले उसकी मुलाकात सोशल मीडिया पर सीपी कॉलोनी मुरार निवासी सूरज सिंह चौहान पुत्र सोबरन सिंह चौहान से हुई थी। सूरज सिंह मूलत: शिवपुरी के नरवर का रहने वाला है। बातचीत के बाद उनके बीच गहरी दोस्ती हो गई। सूरज ने उसे प्रेम का प्रस्ताव दिया, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। चार साल पहले वह एक दिन घर पर अकेली थी तो सूरज उससे मिलने आया और जबरन उसके साथ गलत काम किया। जब युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने शादी का वादा किया।

### सागर में सागौन तस्करी करते पिकअप जब्त

**सागर।** सागर जिले की गौरझामर वन रेंज में वन विभाग की टीम ने सागौन की अवैध तस्करी करते हुए एक लोडिंग वाहन (पिकअप) को पकड़ा है। शनिवार रात हुई इस कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। टीम ने लकड़ी और वाहन को जब्त कर लिया है। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात ग्राम पड़रई के जंगल से अवैध सागौन के लट्ठों का परिवहन किया जा रहा था। सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन में लदी यह सागौन की लकड़ी गढ़ाकोटा क्षेत्र में तस्करी के लिए ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर वाहन को पकड़ लिया।

### लुटेरी दुल्हन गैंग के 3 साथी राजस्थान से गिरफ्तार

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शादी के नाम पर ठगी करने वाली एक शातिर लुटेरी दुल्हन गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। इस गैंग की मुख्य आरोपी लुटेरी दुल्हन सहित चार लोगों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस आरोपियों को सीन रीक्रिएशन के लिए घटना स्थल तक भी लेकर पहुंची थी। शनिवार रात पुलिस को इस मामले में एक और बड़ी सफलता मिली। गैंग के फरार तीन अन्य साथियों को राजस्थान के धौलपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। यह लुटेरी दुल्हन गैंग भोले-भाले लोगों से शादी के नाम पर पैसे वसूलती थी। शादी के कुछ समय बाद ही महिला अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी अपहरण का नाटक रचती और गहने व नकदी लेकर फरार हो जाती थी।

### सरकारी जमीन के मामलों में लापरवाही पर कोर्ट नाराज

**ग्वालियर।** ग्वालियर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने शासकीय जमीन से जुड़े मामलों में लापरवाही और अदालत को गुमराह करने वाली जानकारी पेश किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इस गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रमुख सचिव (राजस्व) द्वारा दिया गया भ्रामक जवाब 'कोर्ट से धोखाधड़ी' की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य सरकार और मुख्य सचिव पर सरकारी संपत्ति की रक्षा का संवैधानिक दायित्व है, लेकिन प्रकरण में सामने आए तथ्यों से यह प्रतीत होता है कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी संपत्ति के दुरुपयोग को रोकने के बजाय उसे बढ़ावा दे रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक और आश्चर्यजनक है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव (राजस्व) को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिए हैं कि वे 28 सितंबर 2016 से लेकर 7 जनवरी 2017 के बाद तक जिन-जिन अधिकारियों की टेबल पर फाइल लंबित रही, उन सभी जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि फाइल को लंबित रखने के पीछे क्या कारण रहे। अब मामले की अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी।

---

### एक करोड़ के मुर्तजिल ने लहराया परचम, उम्र सिर्फ 3 साल

# ऊंचाई-70 इंच, लंबाई-15 फीट; इंदौर में MP का पहला हॉर्स शो, 200 घोड़े हुए शामिल

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में शनिवार को पहली बार दो दिवसीय सेंट्रल इंडिया हॉर्स शो की शुरुआत हुई। इस आयोजन में देश के 7 राज्यों से 200 से अधिक मारवाड़ी और नूकरा नस्ल के घोड़े शामिल हुए हैं। यह न केवल इंदौर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहा ऐसा अनोखा हॉर्स शो है। घोड़ों की शान, चाल, बनावट और ट्रेनिंग के आधार पर कई कैटेगरी में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन मिल्क टीथ, टू टीथ (दो दांत) और मेयर कैटेगरी की स्पर्धाएं हुईं। इंदौर के लिए गौरव की बात यह रही कि टू टीथ कैटेगरी में महू के खूबसूरत मुतर्ज़िल घोड़े ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया।



**टू टीथ में 35 घोड़ों में सबसे टॉप पर रहा मुर्तज़िल**

शनिवार को टू टीथ कैटेगरी में 35 घोड़ों ने भाग लिया। इसमें सारे पैरामीटर्स में मुर्तज़िल सबसे अव्वल रहा। रिंग में कम उम्र में उसकी फुर्ती, खूबसूरती, मजबूती, ऊंचाई-चौड़ाई, डीलडौल को निर्णायक कमेटी खूब सराहा और नंबर दिए। उसने इस कैटेगरी में पहला स्थान पाया।

**पंजाब-राजस्थान समेत 7 राज्यों के घोड़े आए:** इंदौर के गांधीनगर ग्राउंड पर आयोजित यह हॉर्स शो देवी अहिल्या हॉर्स सोसायटी के तत्वावधान में हो रहा है। इसमें मध्यप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित 7 राज्यों के घोड़े भाग ले रहे हैं। सभी घोड़ों के लिए अस्थायी अस्तबल बनाए गए हैं, जहां उनकी विशेष देखभाल की जा रही है। आयोजन शनिवार सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 7 बजे तक चला। इसके लिए एक छोटा स्टेडियम तैयार किया है, जिसमें दर्शकों के लिए गैलरी और बीच में प्रतियोगिता रिंग बनाई गई है। रिंग में केवल चयनित घोड़े और उनके मालिकों को ही प्रवेश दिया जा रहा है।

पहले दिन प्रतियोगिता में मुतर्ज़िल का दबदबा देखने को मिला। 200 से अधिक घोड़ों के बीच वह अपनी ऊंचाई, खूबसूरती, कम उम्र, संतुलित डाइट, मजबूत डील-डौल, फुर्ती और आकर्षक चाल के कारण प्रतियोगिता का केंद्र बना रहा। उसकी अलग पहचान ने उसे खास बना दिया।

इसी तरह मेयर कॉम्पटीशन में पंजाब की कुदरत ने पहला स्थान पाया। पुरस्कार के रूप में उसके मालिक मो. शाहरुख को 21 हजार रुपए की राशि, सम्मान पत्र और ट्रॉफी दी गई। इसके साथ ही मुर्तज़िल की पीठ पर खूबसूरत लाल सैडल पैड ओढ़ाया गया। इसके साथ ही सिर पर लाल रंग का बैच लगाकर सम्मान किया गया।

आयोजक पवन सिंह चावड़ा ने बताया कि इस दो दिनी शो में देश के 7 राज्यों से 225 से अधिक मारवाड़ी (अलग-अलग रंगों के) और नूकरा (स्टेलियन) नस्ल के घोड़े शामिल हुए हैं। घोड़ों की शान, चाल, बनावट और ट्रेनिंग को लेकर पहले दिन अलग-अलग कैटेगरी की कॉम्पीटिशन हुई।

रविवार को भी दिन भर होंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य भारतीय घुड़सवारी संस्कृति को बढ़ावा देना और पारंपरिक घोड़ा नस्लों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। उम्मीद है कि यह हॉर्स शो हर साल होकर इंदौर को अश्व खेलों के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा।

---

### आगर मालवा जिला अस्पताल से युवक का अपहरण

## 2 मिनट में युवक को बोलेरो में उठा ले गए बदमाश, पुलिस चौकी से 100 मीटर दूर वारदात



**आगर मालवा ■ निसं**

आगर-मालवा जिला अस्पताल से शनिवार शाम एक युवक का अपहरण कर लिया गया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। वीडियो में कुछ युवक जबरन एक युवक को बोलेरो वाहन में बैठाकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस की तत्परता से करीब 18 किलोमीटर दूर मदकोटा गांव के पास से अपहृत युवक को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित धीरप सिंह अपने घायल मित्र जितेंद्र का हालचाल जानने जिला अस्पताल पहुंचा था। इसी दौरान कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद आरोपियों ने जबरन उसे बोलेरो वाहन में डालकर अगवा कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस हरकत में आई और वायरल वीडियो के आधार पर वाहन व अपहृत युवक की तलाश शुरू की।

**मदकोटा के पास मिला युवक, मारपीट के निशान:** पुलिस ने युवक को मदकोटा के पास से बरामद किया। पीड़ित ने बताया कि अपहरण के बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और बाद में उसे मौके पर छोड़कर फरार हो गए। युवक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।

यह घटना जिला अस्पताल परिसर में हुई, जहां पुलिस चौकी महज 100 मीटर की दूरी पर है। लोगों की सूचना पर तैनात पुलिसकर्मी जब तक स्थिति समझ पाते, तब तक बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पूरी घटना को दो मिनट से भी कम समय में अंजाम दिया। अस्पताल में मौजूद कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड भी घटना के दौरान मूकदर्शक बने रहे।

---

### कलेक्टर ने साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## दमोह में टीम उम्मीद के साथ स्वच्छता अभियान में हुए शामिल

**दमोह ■ निसं**

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रविवार सुबह स्वच्छता अभियान के तहत साइकिल चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में टीम उम्मीद के सदस्य, नगर पालिका के ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल, डॉक्टर, शिक्षा विभाग के अधिकारी और आम नागरिक शामिल हुए।

साइकिल रैली की शुरुआत जटाशंकर से हुई और यह शहर के करीब आधा दर्जन मार्गों से गुजरी। रैली के बाद स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। टीम उम्मीद पिछले 11 सप्ताह से हर रविवार को स्वच्छता अभियान चला रही है।



पिछले अभियानों में टीम ने सर्किट हाउस के चारों ओर फैले कचरे को साफ किया था, जिसमें कलेक्टर की भी सहभागिता रही थी। इस रविवार, टीम के सदस्यों ने कलेक्टर के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए साइकिल चलाने का विचार किया। सभी प्रतिभागी जटाशंकर चौराहे पर एकत्रित हुए।

साइकिल चलाते हुए पूरे शहर में स्वच्छता संबंधी नारे लगाए गए और लोगों को स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कलेक्टर ने साइकिल चलाकर यह संदेश भी दिया कि साइकिलिंग से शरीर स्वस्थ रहता है और पर्यावरण का संरक्षण भी होता है। यह रैली जटाशंकर तिराहा से कीर्ति स्तंभ, घंटाघर, एवरेस्ट लाज, बस स्टैंड, किल्लाई नाका होते हुए स्टेडियम पहुंची।

स्टेडियम के मुख्य द्वार के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया, जहाँ पड़े कचरे को एकत्रित कर उसका निपटान किया गया। इसके बाद एलोरा कॉलोनी में साइकिल रैली का समापन हुआ।

---

### मंडला में नर्मदा जयंती पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा

**मंडला।** मंडला जिले में मां नर्मदा जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही जिलेभर के नर्मदा घाटों पर हजारों श्रद्धालु पूजन-अर्चन के लिए पहुंचे। माहिष्मती घाट और संगम घाट सहित सभी प्रमुख नर्मदा तटों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा और जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीणा सहित कई जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने माहिष्मती घाट पर मां नर्मदा का विधिवत पूजन किया। प्रशासन का अनुमान है कि दिनभर में दो लाख से अधिक श्रद्धालु घाटों पर पहुंचेंगे।

---

### जंगल में भटकती मिली मानसिक विक्षिप्त महिला

## शाहपुर पुलिस ने सोशल मीडिया के सहारे परिजनों ढूंढकर मिलवाया

**बैतूल ■ निसं**

बैतूल शाहपुर पुलिस ने इंसानियत का परिचय देते हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को उसके परिजनों से सुरक्षित मिलाया। महिला पिछले दो दिनों से जंगल में भटक रही थी। शनिवार को शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने उसे खोजकर परिवार के सुपुर्द किया।

जानकारी के अनुसार महिला केसला क्षेत्र में मजदूरी के लिए गई थी, जहां उसकी मानसिक हालत बिगड़ गई और वह रास्ता भटककर जंगल में पहुंच गई। 24 जनवरी की दोपहर करीब तीन बजे वह भौंरा के जंगल इलाके में घूमती हुई मिली। सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक कुंवरलाल नागले मौके पर पहुंचे। महिला अपनी पहचान और पता बताने की स्थिति में नहीं थी।

**महिला की पहचान की जा रही:** मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने महिला की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करवाईं, ताकि उसकी पहचान हो सके। कुछ ही समय में जानकारी मिली कि महिला भौंरा चौकी के पास के एक गांव की रहने वाली है। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया।

डायल 112 की टीम, जिसमें महिला आरक्षक सविता, मनीषा और आरक्षक जय किशन शामिल थे, महिला को सुरक्षित उसके परिवार तक लेकर पहुंची। बेटी को सही-सलामत देखकर परिजन भावुक हो गए और पुलिस का धन्यवाद किया।

---

### राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में सीहोर की रचना दीदी शामिल होंगी

## लोन लेकर शुरू की दुकान, बनी सफलता की मिसाल, गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जारी

**सीहोर ■ निसं**

सीहोर में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां जायजा लिया है। वहीं सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम ग्वाली निवासी रचना दीदी इस बार राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली जाएंगी।

उनकी कहानी आज आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने से पहले रचना दीदी एक साधारण गृहिणी थीं। वे घर संभालती थीं, जबकि उनके पति बाबुलाल सिलाई का काम कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। सीमित आय और खेती से कम आमदनी के कारण परिवार की जरूरतें पूरी करना चुनौतीपूर्ण था। ऐसे में दोनों को महसूस हुआ कि बेहतर भविष्य के लिए कुछ नया करना जरूरी है।



**लोन लेकर शुरू की दुकान:** रचना दीदी के जीवन में बड़ा बदलाव 1 दिसंबर 2019 को आया, जब उन्होंने ग्राम आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह से जुड़कर उन्होंने नियमित बचत की आदत डाली और आर्थिक अनुशासन सीखा। शुरुआत में उन्हें 1,000 रुपये की चक्रीय राशि के रूप में ऋण मिला, जिससे घरेलू जरूरतें पूरी की गईं। इसके बाद [illegible] और बैंक ऋण के माध्यम से चार बार में कुल 1,42,200 रुपये का ऋण लेकर उन्होंने गांव में जनरल स्टोर की शुरुआत की।

जनरल स्टोर खुलने के बाद उनकी आय में लगातार वृद्धि हुई। इसके साथ ही वे लखपति दीदी योजना के तहत सीआरपी के रूप में भी कार्य करने लगीं। वर्तमान में जनरल स्टोर, खेती और सीआरपी कार्य से उनकी वार्षिक शुद्ध आय 1,27,300 रुपये है, जो डिजिटल आजीविका रजिस्टर में दर्ज है। पहले जहां परिवार की मासिक आय करीब 9,500 रुपये थी, वह अब बढ़कर लगभग 22,000 रुपये प्रतिमाह हो गई है।

आज रचना दीदी एक सफल महिला उद्यमी और सामुदायिक नेतृत्वकर्ता के रूप में पहचान बना चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए शासन द्वारा उन्हें 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

---

### सीधी में ऑटो पलटा, महिला गंभीर घायल

## खराब सड़क और गड्ढों के कारण हादसा, चालक फरार

**सीधी ■ निसं**

सीधी जिले के ग्राम सोनवर्षा के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार एकमात्र यात्री बिट्टन रावत, निवासी बारी, गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो वाहन सोनवर्षा से सीधी की ओर जा रहा था। सड़क की हालत बेहद खराब थी और उस पर बड़े-बड़े गड्ढे मौजूद थे। तेज गति में चल रहा ऑटो अचानक एक गड्ढे में चला गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ऑटो पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

राहगीर पुष्पेंद्र बंसल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी और सड़क पर गड्ढा होने के कारण यह हादसा हुआ। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को ऑटो से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल सीधी पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक, घायल महिला का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिला का इलाज जिला अस्पताल में जारी है, जहां स्वास्थ्यकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

वहीं, अस्पताल चौकी प्रभारी देवराज सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल एक महिला को अस्पताल लाया गया था।

---

### मंडला में नर्मदा जयंती पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा

# नर्मदा के घाटों पर दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचने का अनुमान

**मंडला ■ निसं**

मंडला जिले में मां नर्मदा जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही जिलेभर के नर्मदा घाटों पर हजारों श्रद्धालु पूजन-अर्चन के लिए पहुंचे। माहिष्मती घाट और संगम घाट सहित सभी प्रमुख नर्मदा तटों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा और जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीणा सहित कई जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने माहिष्मती घाट पर मां नर्मदा का विधिवत पूजन किया। प्रशासन का अनुमान है कि दिनभर में दो लाख से अधिक श्रद्धालु घाटों पर पहुंचेंगे।

**पुलिस, होमगार्ड और प्रशासनिक अमला तैनात:** श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस, होमगार्ड और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

जिला मुख्यालय के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी नर्मदा पूजन, आरती, हवन और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शाम को घाटों पर महाआरती और दीपदान होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।



श्रद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा को चुनरी भी अर्पित की जा रही है। नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में रपटा घाट पर शाम 6:30 बजे से निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

**NH-30 की ओर डायवर्ट किया गया:** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर 25 जनवरी को सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है। पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग, आंगन तिराहा, कारीकोन तिराहा और बिंझिया तिराहा सहित प्रमुख मार्गों पर वाहनों को एनएच-30 की ओर डायवर्ट किया गया है।

दोपहर 12 बजे के बाद नेहरू स्मारक चौक से महिष्मती घाट की ओर चारपहिया और तीनपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

**संगम घाट के लिए हेलीपैड मैदान में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध:** महिष्मती घाट आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस लाइन खो-खो ग्राउंड, वन विभाग कार्यालय, योजना भवन, सर्किट हाउस, होमगार्ड ग्राउंड और एसडीएम कार्यालय के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई है। संगम घाट के लिए हेलीपैड मैदान में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

## हमीदिया रोड और दवा बाजार में किया गया गोविंद गोयल सहित पूरी पैनल के प्रत्याशियों का भव्य स्वागत

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रिवार्षिक चुनाव में उन्नति पैनल का पलड़ा भारी

भोपाल ■ अमृत दर्शन

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रिवार्षिक चुनाव में लगातार उन्नति पैनल का पलड़ा भारी होते हुए दिखाई दे रहा है। उन्नति पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल और उनकी पैनल का जगह-जगह जनसंपर्क के दौरान व्यापारियों द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्नति पैनल के प्रत्याशियों ने हमीदिया रोड स्थित माता मंदिर में दर्शन करने के बाद जनसंपर्क प्रारंभ किया। हमीदिया रोड और दवा बाजार में व्यापारियों ने उत्साह के साथ संपूर्ण पैनल का अभिवादन और स्वागत किया। अध्यक्ष पद प्रत्याशी गोविंद गोयल ने व्यापारियों से चर्चा के दौरान व्यापार में हो रही कठिनाइयों, हमीदिया रोड पर विशेष कर ट्रैफिक की समस्या के साथ विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा- हम व्यापारी पहले परिवार हैं और सब मिलजुल कर कार्य करेंगे।




**दवा बाजार की व्यवस्था होगी दुरुस्त:** उन्नति पैनल का दवा बाजार एसोसिएशन ने भव्य स्वागत किया और उन्होंने गोविंद गोयल सहित पूरी उन्नति पैनल के प्रत्याशियों को जिताने का भरोसा दिलाते हुए, दवा बाजार के व्यवसायियों की उन्नति और प्रगति के विषय में चर्चा की। वही देखा गया है की दवा बाजार में पार्किंग की व्यवस्था भी अव्यवस्थित है और दूसरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का आश्वासन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल ने दवा बाजार एसोसिएशन को दिया।



**व्यापारियों ने जगह-जगह ढोल ढमाकों के साथ किया उन्नति पैनल का स्वागत:** हमीदिया रोड पर व्यापारियों ने गोविंद गोयल सहित पूरी उन्नति पैनल का ढोल ढमाकों के साथ पुष्प वर्षा और माला पहनाकर स्वागत किया। वही पूरी पैनल के साथ व्यापारी देशभक्ति के गीतों पर झूम उठे।

जनसंपर्क के अवसर पर उन्नति पैनल से चुनाव लड़ रहे उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी द्वय आदित्य जैन मनिया, अमित गोयल, अरविंद जैन सुपारी, महामंत्री पद के प्रत्याशी विनोद जैन एमपीटी, मंत्री पद के लिए अजय देवनानी, संजीव जैन गेहूं, सुनील जैनाविन, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप सेवानी, सह कोषाध्यक्ष पद के लिए हेमंत अग्रवाल, अतिरिक कोषाध्यक्ष अमित कुमार बिंदल, कार्यकारिणी सदस्य के लिए वात्सायन जैन, सोनू भाभा, अभिषेक जैन, आदित्य, महेश सिंघई, अखिलेश मित्तल, अनिल मिश्रा, अमित जैन सी एस, भारत गुप्ता, दीपक दुबे, जवाहर कोटवानी, कमल भंडारी, कृष्ण गोपाल मुखारिया, मनोज कुमार साहू, राजीव साहू, डब्बू राजेश गुप्ता, मधुरम, सचिन जैन, स्मित जैन, बी आर सुलभ मित्तल, तेजेंद्र चावला उपस्थित थे।

## एआईएस मानक पूरे नहीं करने वाली बसें होंगी ब्लैकलिस्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में परिवहन विभाग की सख्ती सामने आई है। एआईएस मानक पूरे नहीं करने वाली बसें ब्लैकलिस्टेड होंगी। इसी कड़ी में प्रदेश में 153 स्लीपर बस ऑपरेटर्स को नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार बस ऑपरेटर्स को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। बाहर गई बसों को लौटाने का समय दिया गया है।लौटने के बाद आरटीओ दफ्तर में फायर सेफ्टी ऑडिट होगा। स्लीपर बसें हाई-रिस्क कैटेगरी में घोषित है। स्लीपर बसों में एक ही फ्लोर पर ज्यादा इलेक्ट्रिकल लोड का खतरा बना रहता है। चार्जिंग पॉइंट, एसी, टीवी और बैटरी से शॉर्ट सर्किट का जोखिम बढ़ता है। ऑडिट में ऑटोमेटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड मानकों की जांच होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया भोपाल में

# भोपाल में 27 जनवरी को करेंगे खेलो मध्यप्रदेश यूथ गेम्स का शुभारंभ

### राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह के भव्य आयोजन में गूंजेंगे कैलाश खेर के सुर

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया खेलो एमपी यूथ गेम्स के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ करेंगे। राजधानी के तात्या टोपे स्टेडियम में 27 जनवरी 2026, सायं 6:30 बजे यह भव्य आयोजन प्रदेश के खेल इतिहास में यादगार समारोह के रूप में दर्ज होने जा रहा है। खेल, युवा ऊर्जा, संस्कृति और संगीत के अद्भुत संगम के रूप में यह शुभारंभ समारोह प्रदेश के लिए खेल उत्सव का अवसर बनेगा। समारोह में मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी।

**संगीत, संस्कृति और खेलों का भव्य संगम:** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह को विशेष रूप से भव्य, आकर्षक और यादगार बनाया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक कैलाश खेर की लाइव भव्य संगीतमय प्रस्तुति होगी। उनकी सशक्त आवाज़, लोक-संगीत की आत्मा और ऊर्जा से भरपूर गायन से पूरा तात्या टोपे स्टेडियम संगीतमय उल्लास और रोमांच से गूंज उठेगा।



इसके साथ ही 'इंडियाज गोट टेलेंट' फेम डांस ट्रूप द्वारा प्रस्तुत रोमांचक एरोबिक डांस दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा। समारोह में भव्य मार्च-पास्ट के माध्यम से खिलाड़ियों का अनुशासन, एकजुटता और खेल भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जाएगा। खेलों की भावना, संघर्ष, अनुशासन और विजय को दर्शाती विशेष नृत्य-नाटिका के माध्यम से युवाओं में खेलों के प्रति प्रेरणा, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव का भाव जागृत किया जाएगा।

**28 खेलों के खिलाड़ी करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन:** राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के साथ ही प्रदेशभर से चयनित 28 खेलों के खिलाड़ी अपनी खेल क्षमता, अनुशासन और समर्पण का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि खेलो एमपी यूथ गेम्स की ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं, जिनमें ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की सहभागिता देखने को मिली। राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह उसी सफलता की भव्य निरंतरता है।

**व्यापक सहभागिता का आह्वान:** खेलो एमपी यूथ गेम्स के इस भव्य शुभारंभ समारोह में विभिन्न खेल संघों के वरिष्ठ पदाधिकारी, खेल प्रेमियों, युवाओं, अभिभावकों एवं नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता अपेक्षित है। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएगा, बल्कि मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

### पहली बार ऐतिहासिक स्तर पर भव्य और समन्वित आयोजन

मंत्री सारंग ने बताया कि यह पहली बार है जब खेलो एमपी यूथ गेम्स को इस स्तर पर भव्य, सुव्यवस्थित और व्यापक स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि देश में पहली बार खेल विभाग एवं सभी मान्यता प्राप्त खेल संघों के साथ मिलकर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समन्वित प्रयास के माध्यम से खेलो एमपी यूथ गेम्स को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखते हुए राज्य स्तरीय टीम चयन का सशक्त मंच, युवा प्रतिभाओं की पहचान का माध्यम तथा प्रदेश की खेल संस्कृति के उत्सव के रूप में विकसित किया गया है।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग को लगाई 57 लाख की चपत

### खाते खाली कर मोबाइल नंबर बंद किए

भोपाल ■ अमृत दर्शन

साइबर ठगों के खिलाफ लगातार जारी दी जा रही एडवाइजरी और चेतावनियों के बावजूद लोग उनके झांसे में आकर लाखों रुपये गंवा रहे हैं। मिसरोद इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग के साथ ऐसा ही एक 57 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने




आया है। ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर उनसे रकम जमा करवाई और बाद में बैंक खाता व मोबाइल नंबर बंद कर दिए। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पंकज श्रीवास्तव (61) दिसंबर माह में किसी परिचित के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग से जुड़े एक मोबाइल नंबर के संपर्क में आए थे। उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया तो बात करने वाले व्यक्ति ने बताया कि ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के लिए दो खाते खोले जाएंगे। एक खाते में निवेश की राशि जमा करनी होगी, जबकि दूसरे खाते में मुनाफे की रकम दिखाई देगी। ठग ने भरोसा दिलाया कि रकम ऐसी कंपनियों में लगाई जाएगी, जो ज्यादा लाभ देने वाली होंगी और जितना अधिक निवेश होगा, उतना ही मुनाफा मिलेगा। झांसे में आकर पंकज श्रीवास्तव ने दो खाते खुलवाए। एक खाते में वह लगातार रुपये जमा करते गए, जबकि दूसरे खाते में उन्हें निवेश की गई राशि और मुनाफा दिखाई देता रहा।

इस तरह उन्होंने करीब 57 लाख रुपये खाते में जमा कर दिए। कुछ दिन पहले जब उन्होंने अपने खातों की जांच की तो दोनों खातों का बैलेंस शून्य हो चुका था। जब उन्होंने संबंधित मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वे नंबर भी बंद मिले। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने सायबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। घटना स्थल मिसरोद थाना क्षेत्र का होने के कारण सायबर सेल ने शून्य पर प्रकरण दर्ज कर डायरी मिसरोद थाने भेजी, जहां पुलिस ने प्रकरण कायम कर लिया है। पुलिस मोबाइल नंबरों और बैंक खातों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## एम्स ने लिवर कैंसर का पता लगाने विकसित की नई तकनीक

**भोपाल** । आजकल की जीवनशैली के कारण फैटी लिवर की समस्या को घर-घर की बीमारी बना दिया है। इस समस्यास से ज्यादा डर इस बात का रहता है कि यह धीरे-धीरे लिवर कैंसर या सिरोसिस जैसी जानलेवा बीमारी में न बदल जाए। इसका पता लगाने के लिए लिवर बायोप्सी (सुई के जरिए लिवर का टुकड़ा निकालना) करनी पड़ती थी, जो दर्दनाक होती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के विज्ञानियों ने इसको पहचानने के लिए नई तकनीक विकसित की है। जैव रसायन विभाग की डा. दीपा रोशनी ने डा. सुखेस मुखर्जी के मार्गदर्शन में इसपर शोध किया है। उन्होंने खून में मौजूद तीन ऐसे बायोमार्कर (जांच के संकेतों) की पहचान की है जो लिवर की स्थिति बताते हैं। इनके नाम एड्रोपिन, आइरिसिन और साइटोकेराटिन-18 हैं। यानी अब खून की सामान्य जांच से फैटी लिवर में कैंसर शुरू होने से पहले ही संभावना की सटीक पहचान सामने आ जाएगी। ऐसे काम करेगी यह नई तकनीकशोध के मुताबिक जैसे-जैसे लिवर की बीमारी गंभीर होती है, शरीर में ऊर्जा का संतुलन बनाने वाले दो हार्मोन (एड्रोपिन और आइरिसिन) कम होने लगते हैं। वहीं, लिवर की कोशिकाओं को होने वाले नुकसान को बताने वाला तत्व (साइटोकेराटिन-18) बढ़ने लगता है।

# सोने चांदी के चक्कर में सराफा बाजार संकट में

भोपाल ■ अमृत दर्शन

पिछले कुछ महीनों से लगातार सोने चांदी के भाव में बढ़ोतरी उतार-चढ़ाव और अनिश्चितताओं के चलते जहां बड़े-बड़े सर्राफा कारोबारी दिवालिया होने की कगार पर है तो वहीं छोटे-छोटे दुकानदारों के घर रोटी का संकट खड़ा हो रहा है ।सोने चांदी के इस अनिश्चित भाव के कारण तमाम छोटे-छोटे व्यापारी और कारीगर बेरोजगारी के दौर से गुजर रहे हैं, जिसके कारण उन्हें जानलेवा बीमारियां घेर रही हैं ।एक सर्वे के मुताबिक पिछले एक वर्ष में लगभग एक सैकड़ा से अधिक छोटे-छोटे व्यापारी और कारीगर केवल हार्ट अटैक से ही दुनिया छोड़ चुके हैं। तमाम लोग दिवालियापन की कगार पर हैं। वहीं आम ग्राहक भी सोने चांदी के भाव देखकर जेवरात लेने से कटरा रहा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो जैसा संकट अभी सराफा बाजार में है, ऐसा संकट आजादी के बाद कभी देखने को नहीं मिला है।



**कारीगर और छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी मुश्किल:** पिछले एक वर्ष से चल रहे सोने चांदी के भावों में हो रहे उतार चढ़ाव के कारण छोटे-छोटे दुकानदार और सोने चांदी के व्यापार से जुड़े हुए कारीगर अपनी रोजी-रोटी के लिए भी अब तरस रहे हैं। उनके सामने भुखमरी का संकट खड़ा हो चुका है । लगातार आम आदमी की पहुंच से दूर हो रहे सोने चांदी के इस व्यापार से जुड़े कारीगरों को भी रोजी-रोटी से दूर कर रहे हैं। पिछले 1 वर्ष से लगातार मंदी झेल रहे छोटे-छोटे सर्राफा व्यापारी अपनी सारी जमा पूंजी सोने चांदी के चक्कर में लुटा चुके हैं। बुरी तरह से प्रभावित इस सेक्टर के लोग अब पूरी तरह से निराशा है ,और अपनी आजीविका को लेकर आतंकित है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने चांदी के भाव निश्चित होने के कारण सरकार भी इस क्षेत्र को अपनी जिम्मेदारी स्वयं समझ कर नहीं देख रही है । कुल मिलाकर कहा जा सकता है, कि अगर जल्द से जल्द केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो एक बड़ा सेक्टर बेरोजगारी की कगार पर आकर खत्म हो जाएगा।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आज से शिवाजी नगर में

भोपाल ■ अमृत दर्शन

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आज से प्रारंभ होकर 01 फरवरी 2026 तक चलेगी। 5 नम्बर बस स्टाप के पास, आई.टाईप सेक्टर-106 की लाईन, शिवाजी नगर में भागवत कथा प्रतिदिन दोपहार 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक चलेगी। कथावाचक आचार्य पं. अशोक कुमार शास्त्री संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगे। जिन्हें सुनने के लिये बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल होंगे।



आज सुबह 11:00 बजे कलश यात्रा निकाली गई। श्री सिद्धेष्वरी दुर्गा माता मंदिर समिति एवं आदिगौड़ बावीसा पारोत्रा ब्राह्मण समाज द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार 26 जनवरी को संक्षिप्त महाभारत कथा, देवहुति दर्शन नृसिंह अवतार, 27 जनवरी को सागर मंथन, अमृतकथा, वामन चरित्र दर्शन, 28 जनवरी को गंगा अवतार श्री राम जन्म कथा व श्री कृष्णजन्मोत्सव दर्शन, 29 जनवरी को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, 30 जनवरी को श्री कृष्ण मथुरागमन, उद्धव चरित्र, रूक्मिणी विवाह उत्सव, 31 जनवरी को सुदामा चरित्र, मार्कण्डेय चरित्र, श्याम सुन्दर का गौलोक जाना, मोक्षगीता, 01 फरवरी को पूर्णाहूति, यज्ञोपवीत संस्कार एवं भोजन प्रसादी का वितरण होगा। आयोजक मण्डल ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद्भागवत कथा का लाभ उठायें।

## गोमांस सप्लाई नेटवर्क में सरकारी कनेक्शन

### नगर निगम इंजीनियर से एसआईटी की पूछताछ, बड़ी चेन उजागर

# एसआईटी जांच में ननि के असिस्टेंट इंजीनियर सौरभ सूद का नाम सामने आने से गंभीर सवाल खड़े हो गए

भोपाल ■ अमृत दर्शन

भोपाल के जिंसी स्थित नगर निगम स्लॉटर हाउस से गोमांस की अवैध सप्लाई का मामला अब केवल तस्करी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें प्रशासनिक मिलीभगत की आशंका भी गहराती जा रही है। एसआईटी जांच में नगर निगम के असिस्टेंट इंजीनियर सौरभ सूद का नाम सामने आने के बाद पूरे नेटवर्क में सरकारी भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

एसआईटी प्रभारी एसीपी उमेश तिवारी ने सौरभ सूद को नोटिस जारी कर बयान दर्ज किए हैं। सूत्रों के अनुसार इन्हीं बयानों के आधार पर मुख्य आरोपी असलम कुरैशी से पूछताछ की दिशा तय की गई। पुलिस रिमांड पर मौजूद आरोपी से पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि गोमांस की सप्लाई चेन रायसेन से लेकर बाड़ी बरेली तक फैली हुई थी।

जिंसी स्थित नगर निगम स्लॉटर हाउस के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी असिस्टेंट इंजीनियर सौरभ सूद के पास थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस अवधि में स्लॉटर हाउस से बड़े पैमाने पर गोमांस की आवाजाही हुई, उसी समय सूद वहां निगरानी अधिकारी के रूप में तैनात थे। 22 जनवरी को थाने में पूछताछ के बाद ही असलम कुरैशी और कंटेनर चालक शोएब को पुलिस ने रिमांड पर ले लिया है।

एसआईटी को असलम कुरैशी से पूछताछ के दौरान सप्लाई चेन को लेकर अहम सुराग मिले हैं। इनकी पुष्टि के लिए लाइव स्टॉक कंपनी से जुड़े सभी रिकॉर्ड तलब किए गए हैं। सौरभ सूद को कंपनी को लीज दिए जाने के बाद से अब तक के सभी दस्तावेज, अनुबंध और पत्राचार सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर आरोपी से सख्त पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार एसीपी उमेश तिवारी ने इस मामले में करीब दो दर्जन से अधिक बिंदुओं पर पूछताछ की रूपरेखा तैयार की है। असलम कुरैशी के आय स्रोत, विदेशी संपर्क और शिपमेंट प्रक्रिया की जांच की जा रही है। असलम और चालक शोएब को 25 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर रखा गया है।

नगर निगम द्वारा सितंबर 2025 में पीपीपी मोड पर दिया गया स्लॉटर हाउस का ठेका भी जांच के घेरे में आ गया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि ठेका देने की प्रक्रिया में किन नियमों की अनदेखी हुई और किन अधिकारियों की भूमिका रही।

लाइव स्टॉक कंपनी का पंजीकरण मई 2022 में ग्वालियर में हुआ था। शुरुआती दौर में इसके पार्टनर मोहम्मद मुर्शलीन कुरैशी, अमीनुद्दीन और जावेद रहमान थे। अब यह जांच का विषय है कि इनकी भोपाल के ठेके में क्या भूमिका रही।

जांच में सामने आया है कि मोहम्मद मुर्शलीन कुरैशी पहले से ही स्लॉटर कारोबार से जुड़ा रहा है। उसकी अन्य फर्में फलक फ्रोजन फूड एक्सपोर्टर्स और अल नवेद एग्रो फूड इंडस्ट्रीज भी इसी व्यवसाय से संबंधित रही हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इन फर्मों के जरिए अवैध सप्लाई को अंजाम दिया गया।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, कई घायल अस्पताल में भर्ती

भोपाल ■ अमृत दर्शन

राजधानी के बिलखिरिया थाना क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बाइक की टक्कर से पलटे ऑटो में सवार एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, वहीं अन्य हादसों में एक पैदल युवक और बाइक सवार महिला की जान चली गई।

पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि रमेश वंशकार (48), निवासी थाना सुठालिया, जिला राजगढ़, ऑटो चालक है। गुरुवार को वह गुना निवासी अपने रिश्तेदार तुलाराम, पुनिया बाई, पप्पू सिंह, मोहर बाई और सोनू को ऑटो में बैठाकर ग्राम सिरोलिया, थाना उमरावगंज, जिला रायसेन जा रहा था। रात करीब पौने दस बजे जब वह बिलखिरिया स्थित रिलायंस गैस प्लांट के पास पहुंचा, तभी रायसेन की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने सामने से ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया ।हादसे में ऑटो में सवार सभी लोग घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को रायसेन रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। गंभीर रूप से घायल पुनिया बाई (45) को हमीदिया अस्पताल रैफर किया गया था, जहां शुक्रवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# गणतंत्र दिवस

## झांकियों में दिखेगी मध्यप्रदेश की संस्कृति









मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर 22 विभागों की झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। जिसमें गृह विभाग की झांकी में डायल 112 सेवा और शहीद स्मारक दिखाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य विभागों की झांकियों में मध्य प्रदेश की कला और संस्कृति देखने को मिलेगी। वहीं, इस बार परेड में 3 केंद्रीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियां भी शामिल होंगी। जिसमें आईटीबीपी, सीआरपीएफ और सीआईएसएफ की प्लाटून शामिल हैं।







### गणतंत्र दिवस परेडः पहली बार सेना के बाज-डॉग्स की परेड...



## कमान भोपाल की कैप्टन हर्षिता के हाथ

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार कर्तव्य पथ पर एक अलग ही दृश्य देखने को मिलेगा। जब ज़ांस्कर पोनी, बैक्ट्रियन ऊंट, रैप्टर्स (बाज) और आर्मी डॉग्स कदमताल करेंगे। उनकी कमान भोपाल की कैप्टन हर्षिता राघव के हाथों में होगी। हर्षिता इस वर्ष रिमाउंट एंड वेटरनरी कॉर्प्स (आरवीसी) के कंटिंजेंट की कमांडर हैं और सेना के जानवरों की इस विशेष टुकड़ी का नेतृत्व कर रही हैं। आरवीसी भारतीय सेना की वह विशिष्ट शाखा है, जो सेना में उपयोग होने वाले जानवरों के प्रशिक्षण, स्वास्थ्य देखभाल और ऑपरेशनल तैयारियों की जिम्मेदारी संभालती है। यह कोर कठिन भौगोलिक परिस्थितियों- जैसे ऊंचे पहाड़, रेगिस्तानी इलाके और दुर्गम सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना की ताकत को मजबूती देता है। सेना की इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए वे आरवीसी में महिला अफसरों की शुरुआती बैच का हिस्सा हैं। लंबे समय तक पुरुष-प्रधान माने जाने वाले इस कोर में उनका नेतृत्व अपने आप में अहम माना जा रहा है। बता दें कि सेना के जानवर पहले भी गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रहे हैं, पर इस बार उन्हें एक संगठित और विशेष रूप से तैयार किए गए कंटिंजेंट के तौर पर पेश किया जा रहा है।


### 24 घंटे में 9 डिग्री तक लुढ़का पारा

## कड़ाके की ठंड के साथ कोहरे ने बढ़ाई मुसीबत

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश में प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने एक बार फिर ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश के कई हिस्सों में बादलों की आवाजाही और उत्तरी हवाओं की सक्रियता के कारण दिन और रात के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। आलम यह है कि महज 24 घंटे के भीतर कई शहरों में दिन का पारा 9 डिग्री तक लुढ़क गया है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं।

मध्यप्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम के प्रभाव ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। उत्तर भारत की ओर से आ रही नमी युक्त हवाओं के कारण प्रदेश के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भारी कमी आई है। वहीं, प्रदेश के कई अन्य शहरों में भी 5 से 9 डिग्री तक की गिरावट देखी गई है। बीते 24 घंटों में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान राजगढ़ में 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर-चंबल संभाग में हल्की बारिश ने नमी बढ़ा दी है। दतिया में 1.0 मिलीमीटर और भिंड में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जिसके बाद इन इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता काफी कम रही, जिससे यातायात पर भी असर पड़ा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, वर्तमान में जम्मू और पाकिस्तान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है।










































प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।